NATIONAL CHAMBER OF INDUSTRIES & COMMERCE,U.P.

RAJESH GOYAL, PRESIDENT, 9319106205
ANIL AGARWAL, VICE PRESIDENT, 9319108920
MANOJ BANSAL, VICE PRESIDENT, 9997905959
YOGESH JINDAL, TREASURER, 9837042001

एनसीआईसी / 19 / 2023–24 /   07 जुलाई, 2023

सेवा में,
आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी,
माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
उत्तर प्रदेश सरकार,
5, कालीदास मार्ग, लखनऊ–226 001।

विषय :–शहर में जाम की समस्या के समाधान हेतु रोडवेज एवं प्राइवेट बसों के संचालन के संबंध में सुझाव।

महोदय,

शहर में यातायात व्यवस्था के सुधारने में आपके द्वारा बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। इससे हम आगरा वासी उत्साहित हैं। लेकिन शहर में जाम की समस्या अभी पूरी तरह से विद्यमान है। इस संबंध में हम निम्न सुझाव देना चाहते हैं :–

1. बिजली घर बस स्टैंड आगरा का सबसे प्राचीन बस स्टैण्ड है। जो शहर के बीचोंबीच स्थित है। हमारा सुझाव है कि यहां से केवल बाह, फतेहाबाद, शमशाबाद एवं ग्वालियर रुट की बसें ही संचालित की जाये।

2. ईदगाह बस स्टैंड से कोई भी बस एम जी रोड की ओर नहीं आनी चाहिए। यहां से केवल भरतपुर, जयपुर आदि की बसें ही संचालित की जाये।

3. आईएसबीटी से बसों का संचालन केवल मथुरा दिल्ली, गुडगांव, सोनीपत, पानीपत की ओर ही किया जाये। जिससे बसें बाईपास रोड, अब्बूलाला की दरगाह, वाटरवर्क्स, रामबाग आदि स्थानों पर जो जाम की स्थिति बनती है, उसका पूरी तरह से समाधान हो सके।

4. फाउण्ड्री नगर में रोडवेज का वर्कशाप है। हमारा सुझाव है कि यहां से हाथरस, अलीगढ़, मेरठ, हरिद्वार, ऋषिकेश, गाजियाबाद आदि की बसें संचालित की जाये।

5. टूण्डला, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, एटा, इटावा आदि की बसें फिरोजाबाद रोड पर किसी उपयुक्त स्थान से जो मण्डी समिति के पास का परिसर भी हो सकता है, से संचालित की जा सकती है।

6. प्राइवेट बसें भी इसी प्रकार इन्हीं स्थानों से इसी रुप में चलें, जिससे शहर में प्रदूषण एवं जाम की समस्या से निजात मिल सके।

7. हमारी जानकारी के अनुसार शहर में हजारों की संख्या में बिना परमिट के टेम्पों, जीप आदि चल रहे हैं। जिन पर किसी भी प्रकार की रोक टोक नहीं है। यह प्रदूषण एवं जाम के साथ साथ दुर्घटनाओं का भी कारण बन रहे हैं। हमारा अनुरोध है कि पुलिस एवं आरटीओ विभाग, शासन एवं जनता के हित में सामूहिक प्रयासों के द्वारा इसमें कडी से कडी कार्यवाही कर अनाधिकृत वाहनों को रोकने का प्रयास करें।

यात्रियों की सुविधा के लिए इन सभी बस स्टैंडों को जोड़ने के लिए शहर में आवश्यकता पड़ने पर सिटी बस सर्विस की सेवाएं भी बढ़ाई जा सकती हैं।

New Market, Jeoni Mandi, Agra – 282004 Ph.(0562) 2623552, 2623550, 9368774368
Email: office@ncicagra.in, ncicagra1@gmail.com Website: http://www.ncicagra.in

हमारा मानना है कि प्रशासन, पुलिस विभाग, रोडवेज एवं आरटीओ विभाग यदि आपसी सामंजस्य के साथ इस ओर प्रयास करे तो शहर में जाम की समस्या का समाधान होगा। प्रदूषण कम होगा। शहर की अच्छी छवि बनेगी। जनता को राहत मिलेगी एवं सरकारी राजस्व में भी बढोत्तरी होगी।

सादर,

भवदीय,

(राजेश गोयल)
अध्यक्ष

(सीताराम अग्रवाल)
पूर्व अध्यक्ष एवं चेयरमैन,
नागरिक सुविधा शहरी, विकास एवं
सड़क यातायात प्रकोष्ठ।